चल खाटू

आवे चल खाटू,
श्याम के मेले में भक्तो के रेले में,
क्यूँ है झमेले में चल खाटू,
चल मेरे यार,
चल खाटू.........

दुनिया में सच्चा दरबार यही है,
सबसे बड़ा दिलदार यही है,
झूमते जायेगे झूमते आयेगे,
धमाल मचायेगे,
चल खाटू.......

श्याम के रंग लगाने चलेगे,
चंग धमाल बजाने चलेगे,
हाथों में रंग लेले बच्चो को संग लेले,
श्याम के रंग में रंग ले रे,
चल खाटू......

रींगस से लाड़ले प्यारे चलेगे,
जोर जोर जोर से जयकारे लगेगे,
कोई चले आगे कोई तो देखो भागे है,
कन्हेया सागे है चल खाटू,
जल्दी से चल खाटू..........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30854/title/chal-khatu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |